## एक नजर में

### आगम को हाथ में लेकर ध्यान करना चाहिये



इंदौर. मिश्रीमल महाराज श्रमण संघ के चमकते नक्षत्र थे. श्रावक को दूर से देख कर ही समझ जाते थे कि वो किसलिए आया है और समाधान कर देते थे। गुरु आज्ञा में रहे और अपने शिष्यों को खूब आगे बढ़ाया. प्रवर्तक रूप चंद महाराज शेरे सिंह थे. श्रमण संघ को आगे बढ़ाने में आपकी महत्वपूर्ण भूमिका रही, आपकी आज्ञा कोई नहीं टालता था. ऐसे महापुरुषों के गुणानुवाद प्रवर्तक श्रुत मुनि महाराज ने धर्मसभा में किये. आपने आगे प्रवचन में कहा कि जैन धर्म के आगम शास्त्रों में 11 अंग, 12 उपांग 4 मूल और 1 आवश्यक सूत्र इस प्रकार 32 आगम जैन धर्म के भंडार है. इन आगमों में लाखों गाथाएं समाहित है. उपप्रवर्तक श्रुतमुनि महाराज ने कहा कि आगम के 5 सूत्र है वाचना, पूछना, प्रवच्छना, धर्मकथा, अनुप्रेक्षा. इन आगमों, ग्रंथों को आज्ञा लेकर के लेना चाहिए, आगम का चिन्तन करें रीवीजन करें, आगम सुनाना, आगमों का ध्यान करना, आत्मा का ध्यान लगाने के समान है. आगम का ध्यान से अध्ययन करने से पाप रूकता है, पाप कार्य बन्द होते है, आगम के दर्शन से नो ग्रह परेशान नहीं करते है. आगम को हाथ में लेकर ध्यान करना चाहिये, अहो तीर्थंकर परमात्मा हमें आगमो का दिव्य ज्ञान मेरी आत्मा में रमण करें ऐसी प्रार्थना करो. गुरुदेव के मुखारविन्द से आगम वाणी पर प्रवचन गतिमान है. कल प्रातः 8 .30 बजे से महावीर भवन में रक्षा बंधन का पर्व मनाया जाएगा। जाप में चांदी और सोने की राखी के ड्रा निकाले जाएंगे और प्रभावना का वितरण होगा. जाप के विशाल आयोजन की व्यवस्था स्थानकवासी युवक संघ द्वारा की जा रही है. संघ के महामंत्री रमेश भंडारी, एवं युवक संघ अध्यक्ष सुविधि जवेरी ने अधिक से अधिक संख्या में पधारने की अपील की है. धर्म सभा का संचालन प्रकाश भटेवरा ने किया. आभार अशोक मंडलीक ने व्यक्त किया.

### कायस्थ समाज का निशुल्क परिचय सम्मेलन 31 को

इंदौर. कायस्थ समाज का विशाल निशुल्क शुभ घड़ी परिचय सम्मेलन का आयोजन 31 अगस्त को जाल सभागृह में सुबह 9 बजे से आयोजित किया जा रहा है. कार्यक्रम संयोजिका वीना सक्सेना ने बताया इस अवसर पर देश के विभिन्न प्रांतो से अनेक उम्मीदवारों के आने की संभावना है. लगभग 300 निशुल्क रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं. शुभ घड़ी परिचय पुस्तिका का विमोचन भी किया जाएगा, जिसमें 1000 रंगीन विवाह योग्य युवक युवतियों विधवा विधुर परित्यक्ता तलाकशुदा एवं दिव्यांग के बायोडाटा रंगीन फोटो के साथ उपलब्ध हैं. कार्यक्रम के मुख्य मार्गदर्शक रत्नेश श्रीवास्तव पत्रिका के संपादक प्रदीप भटनागर हैं. चित्रांश कायस्थ समाज के अध्यक्ष विजय सक्सेना और सचिव संजय निगम ने यह जानकारी दी.

### कांटाफोड़ महादेव मंदिर पर आज भस्मआरती



इंदौर. नवलखा स्थित मनकामेश्वर कांटाफोड़ शिव मंदिर पर चल रहे श्रावणी अनुष्ठान के तहत श्रावणी पूर्णिमा, रक्षाबंधन पर पर शनिवार, 9 अगस्त को अल सुबह मंदिर प्रांगण में महाकाल की तर्ज पर भस्म आरती का आयोजन नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के मुख्य आतिथ्य में होगा. मंदिर ट्रस्ट की ओर से अध्यक्ष विष्णु बिंदल, टीकमचंद गर्ग, संयोजक बी.के. गोयल ने बताया कि इस अवसर पर सैकड़ों शिवभक्तों द्वारा हर-हर महादेव के जयघोष के बीच श्मशान घाट से लाई गई भस्म से मनकामेश्वर महादेव का पूजन-अर्चन कर महाआरती होगी। कांटाफोड़ मंदिर पर भस्म आरती का अनुष्ठान उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर की तर्ज पर प्रतिवर्ष श्रावणी पूर्णिमा पर किया जाता है.

### श्रीविद्या धाम पर श्रावणी उपाकर्म आज

इंदौर. विमानतल मार्ग स्थित श्री श्रीविद्याधाम पर ब्रह्मलीन महामंडलेश्वर स्वामी गिरिजानंद सरस्वती 'भगवन' द्वारा स्थापित परंपरा के अनुसार महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती की प्रेरणा से श्रावणी उपाकर्म का शास्त्रोक्त अनुष्ठान वैदिक पद्धति से 9 अगस्त को प्रातः 9 बजे से आयोजित किया गया है, जिसमें लगभग एक हजार साधक भाग लेंगे। गायत्री महायज्ञ भी होगा. आश्रम परिवार के सुरेश शाहरा, पं. दिनेश शर्मा एवं राजेन्द्र महाजन ने बताया कि श्रावणी उपाकर्म में स्वामी गिरिजानंद सरस्वती वेदवेदांग विद्यापीठ के नूतन वेदपाठी एवं 200 से अधिक अन्य साधक भी भाग लेंगे. इस बार 100 से अधिक नए बटुक भी शामिल होंगे. इस दौरान आचार्य पं. राजेश शर्मा के निर्देशन में 21 विद्वान पवित्रीकरण, आचमन, प्राणायाम, स्वस्ति वाचन, देवता नमस्कार, हेमाद्रि संकल्प, दशविध स्नान, दान, तर्पण, मार्जन, सप्तऋषि पूजन सहित विभिन्न शास्त्रोक्त क्रियाएं संपादित कराएंगे। इस संपूर्ण प्रक्रिया में लगभग पांच घंटे का समय लगेगा.

### भाजपा सांसद बृजभूषण सिंह का किया सम्मान

इंदौर,. अ.भा. क्षत्रिय महासभा द्वारा भाजपा के सांसद एवं भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष ब्रजभूषण शरण सिंह का कालानी नगर चौराहा स्थित परिहार काम्प्लेक्स पर महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ठा. विजयसिंह परिहार के नेतृत्व में आत्मीय और गरिमापूर्ण स्वागत किया गया। उन्हें राजपूताना परंपरा के अनुरूप पगड़ी एवं साफा पहनाकर सम्मानित किया गया. इस अवसर पर बलरामसिंह परिहार, विशालसिंह परिहार, अनिलसिंह परिहार, धीरेन्द्रसिंह गोलू, देवीसिंह चौहान, भवानीसिंह भदौरिया, डॉ. इंद्रसिंह राठौर एवं धनंजयसिंह सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने पुष्पमाला एवं भगवा पट्टिका से स्वागत किया. ठा. विजयसिंह परिहार ने उन्हें साफा पहनाकर गुर्ज भेंट किया। इस अवसर पर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेन्द्रसिंह तंवर ने दूरभाष पर चर्चा कर इंदौर के सभी पदाधिकारियों को बधाई दी.



### रेणुका पाटीदार को पीएचडी की उपाधि



इंदौर. भेरूलाल पाटीदार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय महू के वाणिज्य विभाग की सहायक प्राध्यापक रेणुका पाटीदार को वाणिज्य संकाय मे डॉ. प्रवीण ओझा, प्राचार्य भेरूलाल पाटीदार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय महू के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश शासन द्वारा असंगठित क्षेत्र में श्रमिकों के लिए संचालित संबल योजनाओं के प्रभाव का अध्ययन (इन्दौर जिले के विशेष संदर्भ में) विषय पर देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इन्दौर द्वारा पी. एच. डी. की उपाधि प्रदान की गई. उनकी इस उपलब्धि पर महू की सभी सामाजिक संस्थाओं द्वारा हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की गई.

### कर्म फल से कोई नहीं बच सकता



इंदौर. परमात्मा की अनुपम कृति है. संसार में परमात्मा ने अनेक जीव-जंतु, पशु-पक्षी, कीट-पतंगे आदि बनाए हैं। सब में प्राण हैं. ईश्वर ने मनुष्य को विशेष ज्ञान एवं भाषा दी है, जिससे वह अपने ज्ञान व बुद्धि के बल पर अपना अच्छा भला बुरा आदि भली- भांति जान सकता है. समाज में रहकर, परिवार व समाज के साथ-साथ राष्ट्र के लिए भी कुछ कार्य कर सकता है.परमात्मा ने सभी मनुष्यों को कर्म करने की स्वतंत्रता तो दी है. किंतु कर्मों का फल देने का कार्य अपने पास रखा है. कर्मों का फल परमात्मा देता ही है.अर्थात् परमात्मा के कर्म फल सिध्दान्त से कोई नहीं बच सकता. यह विचार आर्य रामलाल प्रजापति ने व्यक्ति किए. उन्होंने कहा कि ए दुनिया के लोगों सही धर्म मानव-धर्म है, वही परमार्थ है. मानव को शुभ-कर्मो को करते हुए परमार्थ के कार्यो के बारे में बताकर, उन्हें अच्छे कामों की ओर मोड़ा जाएगा तो संसार से अपराध, बुरे कर्म, बुराई आदि कम हो सकती है. आज सत्कर्म के लिए सही वैदिक ज्ञान की संसार को बहुत आवश्यकता है.

# आत्मा को पवित्र बनाने के लिए तप का तेज जरूरी

- नवरत्न वाटिका की धर्मसभा में विश्वरत्न सागर के आशीर्वचन
- तपस्वी मुनिराज की निकली रथयात्रा



**इंदौर. स्वर्ण को कुंदन बनाने के लिए पहले अग्नि में तपाना होता है, इसी तरह अपनी आत्मा को भी निर्मल और पवित्र बनाने के लिए विभिन्न प्रकार की तपस्याओं से गुजरना होता है. तप का तेज मनुष्य के व्यक्तित्व को कई गुना निखार देता है. आत्मा को निर्मलता और पवित्रता तप के तेज से ही मिलेगी।** जीवन में सदगति प्राप्त करने के लिए तप को मुख्य मार्ग माना गया है. तप से मानवता के कर्मों की निर्जरा होती है. यदि तैरना सीखना है तो पानी में उतरना ही होगा. किनारे बैठकर तैरना नहीं सीखा जा सकता. अपने जीवन को तपस्या की सुगंध से सुरभित बनाने का पुरुषार्थ प्रत्येक साधक को सीखना चाहिए.

ये विचार हैं युवा हृदय सम्राट, जैनाचार्य विश्वरत्नसागर के, जो उन्होंने अर्बुद गिरिराज जैन श्वेताम्बर तपागच्छ उपाश्रय ट्रस्ट पीपली बाजार, जैन श्वेताम्बर मालवा महासंघ एवं नवरत्न परिवार इंदौर के संयुक्त तत्वावधान में नरसिंह वाटिका स्थित नवरत्न वाटिका पर चल रहे चातुर्मासिक अनुष्ठान की धर्मसभा में चल रहे महामृत्युंजय तप आराधना अनुमोदनार्थ महोत्सव के समापन प्रसंग पर संबोधित करते हुए व्यक्त किए. इस अवसर पर मुनिराज सिद्धरत्न सागर के 30 उपवास एवं बाल मुनि देवर्धिरत्न सागर, साध्वी उर्विताश्रीजी एवं साध्वी श्री प्रभुताश्रीजी, साध्वी प्रीतवर्षाश्रीजी, साध्वी लब्धिवर्षाश्रीजी तथा अन्य श्रावक-श्राविकाओं के उपवास की अनुमोदना की गई. सुबह कालानी नगर उपाश्रय से नवकारसी के पश्चात तपस्वी मुनिराज सिद्धरत्न सागर को नरसिंह वाटिका तक बैंडबाजों के साथ रथयात्रा के रूप में फूलों से सुसज्जित पालकी में विराजित कर लाया गया. रथयात्रा में जैनाचार्य विश्वरत्न सागर सहित सम्पूर्ण साधु साध्वी भगवंत भी शामिल हुए और उन्होंने भी तपस्वी मुनिराज की पालकी को सानिध्य प्रदान किया.

### तपस्वी बंधुओं की अनुमोदना की

इस दौरान धर्मसभा में मुनि पवित्र रत्न सागर, बुद्धिरत्न सागर, सूर्यरत्न सागर, गणिवर्य कीर्तिरत्न सागर, मुनिराज उत्तमरत्न सागर एवं वल्लभ नगर से आए जैनाचार्य पीयूष भद्र सागर एवं आचार्य मृदुरत्न सागर ने भी तपस्वी मुनिराज एवं अन्य तपस्वी बंधुओं की अनुमोदना की. तपस्वी मुनिराज के पारणे का लाभ अचलजी खूबाजी मिर्चीवाला परिवार ने लिया. लाभार्थी पीपली बाजार के डूंगरवाल परिवार के देवेन्द्र- शालिनी डूंगरवाल, मुनिराज के संसारी परिवार के माता ज्योति बेन संघवी (मक्सी), डॉ. कैलाश संघवी, 30 उपवास के श्रावक तपस्वी मुकेश झेलावत एवं श्रीमती प्रमिला विनय जैन, मुंबई के किरण भाई शाह परिवार, कालानी नगर के चंपालाल मेहता परिवार, वर्धमान नगर के धर्म-शांति झेलावत परिवार तथा अन्य श्रावक-श्राविकाओं का आयोजन समिति की ओर से संयोजक पुण्यपाल सुराना, कैलाश नाहर, ललित सी. जैन, दिलसुखराज कटारिया, मनीष सुराना, प्रीतेश ओस्तवाल, शेखर गेलड़ा एवं दीपक सुराना ने बहुमान किया.

# संविधान में सुधार तथा पहले चुनाव से चली आ रही त्रुटियों को सुधारने पर बनी सहमति

### अग्रवाल समाज में सभी वरिष्ठ एक जाजम पर जमा

इंदौर. अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति के 17 अगस्त को होने वाले निर्वाचन के लिए शुक्रवार को चुनाव अधिकारी राम ऐरन के समक्ष अनेक प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र प्रस्तुत किए. इनमें मुख्य रूप से संरक्षक पद के लिए वरिष्ठ समाजसेवी विनोद अग्रवाल, अध्यक्ष के लिए प्रेमचंद गोयल, उपाध्यक्ष रमेश मित्तल मेडिकेप्स एवं टीकमचंद गर्ग, महामंत्री के लिए पवन सिंघानिया, कोषाध्यक्ष के लिए ओमप्रकाश अग्रवाल झेड ब्लेक तथा सहमंत्री और संयोजक के लिए जगदीश गोयल बाबाश्री ने अपने नामांकन पत्र प्रस्तुत किए हैं इन सभी का भाव यही है कि समाज में एकता और सौहार्द का वातवरण बने और पहले चुनाव से चली आ रही त्रुटियों को दूर कर सभी बंधुओं को उनका हक दिलाया जाए. इसमें सभी पूर्व अध्यक्ष भी साथ आए हैं.

अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति समाज की सबसे शीर्ष संस्था है। पिछले कुछ दिनों से इसके चुनाव को लेकर काफी गहमा-गहमी चलती रही है। शासन के निर्देशानुसार फिलहाल पुराने संविधान के अनुसार 7 पदों के लिए चुनाव कराए जा रहे हैं। आज समिति के पूर्व अध्यक्ष पी.डी. अग्रवाल, गणेश गोयल, किशोर गोयल, संजय बांकड़ा, विष्णु बिंदल, अरविंद बागड़ी, गोविंद सिंघल, संतोष गोयल एवं कुलभूषण मित्तल, राजेश बंसल तथा अरविंद वैल्यूअर और नंदकिशोर कंदोई सहित अनेक समाजजन चुनाव अधिकारी राम ऐरन के समक्ष आंचल नगर स्कीम 140 स्थित हाईटेक कार्यालय पहुंचे और 7 पदों के लिए उपरोक्त सातों प्रत्याशियों के नामांकन पत्र प्रस्तुत किए.





# शहीदों को श्रद्धांजली दी

**इंदौर. श्री वैष्णव कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स में आज करगिल युद्ध में प्राप्त विजय एवं उपलब्धियों को लेकर राष्ट्रीय सेवा समिति एवं रेड रिबन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थी उत्साह के साथ भागीदार हुए.** करगिल विजय दिवस पर विशेष रूप से शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई. भारतीय सेना द्वारा किए गए अदम्य साहस की गाथा एक शॉर्ट फिल्म द्वारा प्रदर्शित की गयी. संपूर्ण कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ परितोष अवस्थी एवं समस्त समिति समन्वयक प्रो. ज़विभोर ऐरन ने भी विद्यार्थियों के साथ फिल्म देखी साथ ही भारतीय सेना के शौर्य एवं साहस सेविद्यार्थियोंको अवगत कराया. रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ गुरमीत सिंह भाटिया ने कार्यक्रम का संचालन किया. रेड रिबन अधिकारी डॉ लक्ष्य कुमार सोनी ने आभार व्यक्त किया.

# किशोर दा की यादों को संजोया 28 सदाबहार फिल्मी गीतों में

**इंदौर. टेगौर मार्ग स्थित हिन्दी साहित्य समिति के सभागृह में संस्था मेक म्युजिक की मेजबानी में सुर अंजलि द्वग्रुप द्वारा संगीत प्रेमी श्रोताओं के लिए किशोरांजलि का रंगारंग आयोजन किया गया, जिसमें सदी के महान गायक किशोर कुमार के जन्मदिन पर उन्हीं के गाए प्रख्यात 28 सदाबहार गीतों की प्रस्तुति करीब 15 गायक-गायकों द्वारा दी गई. संस्था के निर्देशक राजीव राय के मार्गदर्शन में इन कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से गीत और संगीत प्रेमी रसिक श्रोताओं को अंत तक बांधे रखा.**

कार्यक्रम की शुरूआत संगीता पुराणिक ने जिंदगी प्यार का गीत है.....से की। इसके बाद संजय पाठक ने कहना है-कहना है..., विजय अरोरा ने पल-पल दिल के पास...., भूपेन्द्रसिंह ने समा है सुहाना..., मनोज नायर ने फिर वही रात है..., किशोर पांडव ने जीवन से भरी तेरी आंखें..., शिरीष गोडबोले ने ओ मांझी रे..., नरेश जैन ने मेरी भीगी-भीगी सी पलकों...., वंदना अग्रवाल ने मेरे नयना सावन भादो... के अलावा सुनयना नाईक, आशा निसारगंध, वसुंधरा पाठक ने सदाबहार और मदमदस्त प्रस्तुतियों से श्रोताओं को हर तरह के मूड में डुबोए रखा. अंत में संस्था के आधार स्तंभ राजीव राय ने किशोर दा का कालजयी गीत 'घूंघरू की तरह बजता ही रहा हूं मैं' सुनाकर श्रोताओं की आंखें नम कर दी. मंच का संचालन किया अलका सैनी ने, कार्यक्रम में संगीत की बागडोर हेमेन्द्र महावर की टीम ने संभारी, जिसमें की बोर्ड पर रूपक जाधव, आक्टोपेड पर सचिन मोरे, तबले पर विकास वर्मा, गिटार पर अनुभव भारद्वाज और ढोलक, बोंगो एवं कांगों पर हेमेन्द्र ने शानदार संगत देकर इस सुहानी शाम को और दिलचस्प बना दिया. अंत में मां वैष्णो के भक्त गुरूजी ने आभार माना.





# जब प्रशंसा हो तो उसमें झूठ ढूंढना, आलोचना में सत्य खोजना

- एक शाम रिश्तों के नाम में पं. मेहता ने सरल शब्दों में समझाया - रिश्ते कैसे निभाए जाएं

**इंदौर. जीवन प्रबंधन गुरु पं. विजयशंकर मेहता (हमारे हनुमान परिवार, उज्जैन) की प्रेरणा से श्री हनुमान चालीसा महापाठ का 100वां आयोजन रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर इंदौर में हुआ। देश-दुनिया के करोड़ो भक्तों ने एक साथ एक ही समय पर हनुमान चालीसा का महापाठ किया। इंदौर में होने वाले इस अनूठे आयोजन का यह 14वां साल था.**

स्थानीय रवींद्र नाट्यगृह में हुए कार्यक्रम में पं. मेहता ने अपने विशेष व्याख्यान में जीवन में रिश्तों का महत्व बताते हुए कहा कि जब परिवार के सदस्यों के साथ हों, रिश्तों का निर्वहन कर रहे हों, तो चर्चा का आधार भक्ति, वैराग्य, राजनीति और ज्ञान होना चाहिए. इन विषयों पर चर्चा से जहां परिवार में एकता बढ़ेगी वहीं परिवार के कई सदस्य का ज्ञान एवं अनुभव भी बढ़ेगा। व्यक्ति को हमेशा प्रशंसा से दूर रहना चाहिए, क्योंकि दुर्लभ लोग ही प्रशंसा के बावजूद स्वयं को सामान्य रख पाते हैं. प्रशंसा को पचाना भी एक कला है. इस कला को विकसित करने वाला मनुष्य जीवन में बहुत कुछ करने में समर्थ हो सकता है. इसलिए जब आपकी प्रशंसा हो तो उसमें झूठ ढूंढना चाहिए एवं उसका विश्लेषण करना चाहिए और जब कोई आलोचना करे तो उसमें सत्य को खोजने का प्रयास कर, अपने आचरण को सुधारने की चेष्टा करना चाहिए। यही बात श्रीराम द्वारा वनवास के दौरान भाई लक्ष्मण को सिखाई गई, जो आज हमारे जीवन में भी बड़े काम की है.



### भजनों की सुंदर प्रस्तुति दी

आयोजन समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री पवन सिंघानिया ने स्वागत उद्बोधन में बताया जीवन प्रबंधन समूह तथा महापाठ आयोजन समिति के तत्वावधान में विशेष तिथियों पर देश के आठ प्रमुख नगरों में यह अनूठा आयोजन किया जाता है. इसी कड़ी में प्रतिवर्ष रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर इंदौर में महात्योहार- एक शाम शाम रिश्तों के नाम से पिछले 14 वर्षों से सतत यह कार्यक्रम होता आ रहा है. इस अवसर पर युवा भजन गायक विवेक मेहता ने भजनों की सुंदर प्रस्तुति दी जिससे श्रोता भाव विभोर हो गए. राष्ट्रीय संयोजक सीमा राजीव मुछाल, समन्वयक ओमप्रकाश पसारी, रोहित सोमानी, राहुल मिश्रा, अरुण चोखानी, तथा अन्य सदस्यों ने पं. मेहता का अभिनंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया. इस अवसर पर राजकुमार साबू, जयंत गुप्ता, मुरली सोनी, दिनेश परवाल, रामस्वरूप मूंदड़ा, आर एल माहेश्वरी, सत्यनारायण गदिया आदि विशेष रूप से उपस्थित थे. संचालन सीमा मुछाल ने किया। हनुमान चालीसा महापाठ से पहले प्रसिद्ध भजन गायक विवेक मेहता ने मधुर भजनों की प्रस्तुति से श्रोताओं को मन मोह लिया.

# शहर में अपहरण की वारदातें बढ़ीं

- एक ही दिन में पांच नाबालिग लापता

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. शहर में नाबालिग बच्चों के लापता होने और अपहरण के मामलों ने पुलिस की नींद उड़ा दी है.** ताज़ा घटनाओं में अलग-अलग थाना क्षेत्रों से एक ही दिन में पांच नाबालिग लड़के-लड़कियां रहस्यमय परिस्थितियों में गायब हो गए. परिजनों को आशंका है कि अज्ञात लोग उन्हें बहला-फुसलाकर ले गए हैं. पुलिस ने सभी मामलों में अपहरण का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

खजराना थाना क्षेत्र में 5 अगस्त की सुबह रामकृष्ण बाग के पास रहने वाले एक व्यक्ति की नाबालिग बेटी अचानक घर से गायब हो गई. परिजनों का कहना है कि वह बिना बताए कहीं चली गई और आशंका है कि कोई उसे बहला-फुसलाकर ले गया. परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में 6 अगस्त की रात न्यू जीवन की फेल में रहने वाले एक व्यक्ति का नाबालिग बेटा 9 से 9:30 बजे के बीच घर से लापता हो गया. वहीं, बाणगंगा थाना क्षेत्र से दो नाबालिगों के गायब होने की खबर है. भागीरथपुरा निवासी 44 वर्षीय व्यक्ति का बेटा और गंगाधाम कॉलोनी की एक किशोरी 6 अगस्त की दोपहर अलग-अलग समय पर घर से बिना बताए निकल गई और वापस नहीं लौटीं. चंदन नगर थाना क्षेत्र में सिरपुर की रहने वाली एक किशोरी 6 अगस्त की दोपहर खेलने के लिए घर से निकली थी, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटी. पुलिस का कहना है कि सभी मामलों में खोजबीन की जा रही है और अपहृत बच्चों को सुरक्षित ढूंढने के लिए टीमों को सक्रिय किया है.


## कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर
### (जनकार्य विभाग)

ई-मेल: jankarya.vibhag2023@gmail.com, फोन : 7440440233

निविदा विज्ञप्ति क्र.: 62/सिविल/25-26/ग्रुप नं-01 से ग्रुप नं-20 तक

**निविदा आमंत्रण**

दिनांक: 05.08.2025

केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार से (MPUADD Road & Bridge SOR/NON SOR, DATE 02-08-2021 पर आधारित) ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

| ग्रुप क्र. | टेंडर क्र. | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा क्रय करने एवं खोलने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2025_UAD_442394_1 | झोन क्र. 19 वार्ड क्र. 53 के अन्तर्गत आजाद नगर की समस्त सड़कों का भिन्न भिन्न स्थानों पर झोन मद से संधारण कार्य करना। | 90 दिवस ₹3,97,958/- | ₹2,000/- ₹4,000/- | 20-08-2025 6.00 PM 22-08-2025 |
| 02 | 2025_UAD_442395_1 | झोन क्र. 20 वार्ड क्र. 06 के अन्तर्गत मोदी जी की नसिया स्थित रिक्त भूमि पर पेव्हर ब्लॉक लगाना एवं अन्य निर्माण कार्य करना। | 90 दिवस ₹8,97,456/- | ₹2,000/- ₹9,000/- | 20-08-2025 6.00 PM 22-08-2025 |
| 03 | 2025_UAD_442396_1 | झोन क्र. 03 के अन्तर्गत आगामी गणेशोउत्सव 2025 में झाँकी मार्ग के क्षतिग्रस्त फुटपाथ रिपेयर करना व अन्य आवश्यक सिविल कार्य करना। | 120 दिवस ₹13,95,949/- | ₹2,000/- ₹10,500/- | 20-08-2025 6.00 PM 22-08-2025 |
| 04 | 2025_UAD_442397_1 | झोन क्र. 09 वार्ड क्र. 26 के अन्तर्गत नेहरु नगर रोड़ न. 01 झलकारी बाई द्वार से पाटनीपुरा चौराहा तक जल निकासी हेतु स्टॉर्म वाटर लाईन डालना। | 180 दिवस ₹21,62,899/- | ₹5,000/- ₹16,300/- | 20-08-2025 6.00 PM 22-08-2025 |
| 05 | 2025_UAD_442399_1 | झोन क्र. 19 वार्ड क्र. 76 के अन्तर्गत बिचौली मर्दाना शा. स्कूल से बायपास सर्विस रोड़ तक स्टॉर्म वॉटर लाईन डालना। | 240 दिवस ₹92,77,572/- | ₹10,000/- ₹69,600/- | 20-08-2025 6.00 PM 22-08-2025 |
| 06 | 2025_UAD_442400_1 | झोन क्र. 01 वार्ड क्र. 09 के अन्तर्गत कमला नेहरु कॉलोनी में डॉ. प्रशांत जोशी एवं पास की गलियों में स्टॉर्म वॉटर लाईन डालना। (छटवा आमंत्रण) | 180 दिवस ₹45,35,815/- | ₹5,000/- ₹34,100/- | 20-08-2025 6.00 PM 22-08-2025 |
| 07 | 2025_UAD_442401_1 | झोन क्र. 05 वार्ड क्र. 23 के अन्तर्गत गणेश नगर, अर्जुन सिंह गौहर पहुंच मार्ग एवं आवश्यकतानुसार अन्य स्थानों पर वर्षा ऋतु में कीचड़ समस्या निवारण हेतु मेटल पेंचवर्क का कार्य करना। (द्वितीय आमंत्रण) | 90 दिवस ₹4,95,700/- | ₹2,000/- ₹5,000/- | 20-08-2025 6.00 PM 22-08-2025 |
| 08 | 2025_UAD_442402_1 | झोन क्र. 11 वार्ड क्र. 60 के अन्तर्गत कीचड़ समस्या निराकरण हेतु सूची अनुसार मुरम चुरी एवं जी.एस.बी. डालना। (पंचम आमंत्रण) | 90 दिवस ₹2,85,810/- | ₹2,000/- ₹2,900/- | 20-08-2025 6.00 PM 22-08-2025 |
| 09 | 2025_UAD_442403_1 | झोन क्र. 16 के अन्तर्गत जलयंत्रालय मार्ग रोजड़ी रोड़ से गुर्दा खेड़ी मार्ग (ईंट भट्टा) तक रोड़ का मोरमी (मुरम चुरी) का कार्य करना। (तृतीय आमंत्रण) | 180 दिवस ₹31,42,880/- | ₹5,000/- ₹23,600/- | 20-08-2025 6.00 PM 22-08-2025 |
| 10 | 2025_UAD_442404_1 | झोन क्र. 13 वार्ड क्र. 77 के अन्तर्गत दारा सिंह के घर से मोरोद रोड़ तक मेटल रोड़ बनाना। (द्वितीय आमंत्रण) | 90 दिवस ₹9,35,450/- | ₹2,000/- ₹9,400/- | 20-08-2025 6.00 PM 22-08-2025 |
| 11 | 2025_UAD_442406_1 | झोन क्र. 11 के अन्तर्गत निगम की शासकीय इमारतो एवं जमीन पर आवश्यक रिपेयरिंग व मेंटेनेंस का कार्य करना। (द्वितीय आमंत्रण) | 180 दिवस ₹22,98,000/- | ₹5,000/- ₹17,300/- | 20-08-2025 6.00 PM 22-08-2025 |
| 12 | 2025_UAD_442409_1 | झोन क्र. 10 वार्ड क्र. 40 के अन्तर्गत म.न. 10 धीरज नगर एवं आस पास की गलियों में बेकलेन का सिमेन्टीकरण का कार्य करना। (चतुर्थ आमंत्रण) | 90 दिवस ₹4,21,491/- | ₹2,000/- ₹4,300/- | 20-08-2025 6.00 PM 22-08-2025 |
| 13 | 2025_UAD_442411_1 | झोन क्र. 09 वार्ड क्र. 47 के अन्तर्गत दुबे का बगीचा में शिव मंदिर के पास स्थित संस्कार भवन में आवश्यक सिविल कार्य करना। (पार्षद निधि) (आठवा आमंत्रण) | 90 दिवस ₹7,16,360/- | ₹2,000/- ₹7,200/- | 20-08-2025 6.00 PM 22-08-2025 |
| 14 | 2025_UAD_442412_1 | झोन क्र. 12 वार्ड क्र. 62 के अन्तर्गत मुराई मोहल्ला क्षेत्र में बाबू के खेत में स्थित शिव मंदिर के पास सार्वजनिक स्थान पर शेड का निर्माण एवं अतिआवश्यक सिविल कार्य करना। (चतुर्थ आमंत्रण) | 120 दिवस ₹12,30,784/- | ₹2,000/- ₹9,500/- | 20-08-2025 6.00 PM 22-08-2025 |
| 15 | 2025_UAD_442414_1 | झोन क्र. 12 वार्ड क्र. 59 के अन्तर्गत म.न. 3/1 जय नृसिंह किराना से मोती तबेला चौराहा अवेष मेडीकल तक क्षतिग्रस्त सड़क का महापौर निधि से सिमेन्टीकरण करना। (तृतीय आमंत्रण) | 120 दिवस ₹16,76,349/- | ₹2,000/- ₹12,600/- | 20-08-2025 6.00 PM 22-08-2025 |
| 16 | 2025_UAD_442631_1 | झोन क्र. 04 वार्ड क्र. 13 के अन्तर्गत अर्चना नगर गली न. 1,2,3 एवं समीप स्थानों पर स्टॉर्म वॉटर लाईन डालना। (पंचम आमंत्रण) | 180 दिवस ₹22,87,485/- | ₹5,000/- ₹17,200/- | 20-08-2025 6.00 PM 22-08-2025 |
| 17 | 2025_UAD_442632_1 | झोन क्र. 16 वार्ड क्र. 03 के अन्तर्गत नगीन नगर पुरानी कलाली मेंन रोड़ पर वर्षा जल निकासी हेतु स्टॉर्म वॉटर लाईन डालना (चतुर्थ आमंत्रण) | 180 दिवस ₹31,46,693/- | ₹5,000/- ₹23,700/- | 20-08-2025 6.00 PM 22-08-2025 |
| 18 | 2025_UAD_442633_1 | झोन क्र. 18 वार्ड क्र. 63 के अन्तर्गत राम द्वार पारसी मोहल्ला से मनीष मामा जी की गली में बालाजी स्पोर्ट्स से मुरली मनोहर मंदिर तक स्टॉर्म वॉटर लाईन डालना। (छटवा आमंत्रण) | 180 दिवस ₹36,17,509/- | ₹5,000/- ₹27,200/- | 20-08-2025 6.00 PM 22-08-2025 |
| 19 | 2025_UAD_442634_1 | नगर में विभिन्न स्थानों पर फुटपाथ, बेकलेन, उद्यान एवं अन्य सार्वजनिक स्थानो पर पेविंग ब्लॉक लगाना एवं अन्य आवश्यक सौंदर्यीकरण/रिपेयरिंग कार्य करना। पैकेज - 02 (तृतीय आमंत्रण) | 180 दिवस ₹42,08,473/- | ₹5,000/- ₹31,600/- | 20-08-2025 6.00 PM 22-08-2025 |
| 20 | 2025_UAD_442635_1 | झोन क्र. 11 के अन्तर्गत लुनियापुरा कब्रिस्तान के अन्दर एवं आस पास आवश्यक कार्य करना। (दसवा आमंत्रण) | 240 दिवस ₹53,19,146/- | ₹10,000/- ₹39,900/- | 20-08-2025 6.00 PM 22-08-2025 |

**नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in/ की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।**

प्रतिबंधित पॉलिथीन, कैरीबैग के निर्माण/ विक्रय/ उपयोग करने पर दंड व सजा का प्रावधान है।

अधीक्षण यंत्री
(जनकार्य विभाग)
नगर पालिक निगम, इन्दौर